तापमान
अधिकतम 43.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

12 नक्शा बटांकन और भू-अर्जन मुआवजा भुगतान ...



13 'दारू पर महाभारत' के चलते ग्रामसभा बनी रणभूमि..








### मरीजों से भी वसूली, खरीदारी करने वालों से भी शुल्क, हरिभूमि की पड़ताल में बड़ा खुलासा

# सेवा के नाम पर वसूली, भिलाई में अस्पताल और मॉल की पार्किंग बनी कमाई का जरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग-भिलाई में इन दिनों सेवा के नाम पर वसूली का खेल खुलकर चल रहा है। निजी अस्पतालों और मॉल में आने वाले लोगों से पार्किंग के नाम पर शुल्क लिया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

चिंता की बात यह है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर भी मरीजों और उनके परिजनों से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। इलाज के लिए पहले ही आर्थिक दबाव झेल रहे लोग इस अतिरिक्त खर्च से और परेशान हो रहे हैं। मॉल में भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। खरीदारी करने पहुंचे लोगों से पार्किंग चार्ज लिया जा रहा है, जबकि कई जगहों पर इसे सुविधाओं में शामिल माना जाता है। लोगों का कहना है कि जब वे मॉल में खरीदारी कर रहे हैं, तो पार्किंग के लिए अलग से पैसे लेना उचित नहीं है। इस बीच रायपुर में उपभोक्ता फोरम द्वारा एक मॉल पर पार्किंग शुल्क वसूलने को लेकर कड़ी कार्रवाई और भारी जुर्माना लगाए जाने के बाद अब दुर्ग-भिलाई में भी ऐसी ही कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि जिला प्रशासन को इस मामले में स्पष्ट नियम तय करने चाहिए और अवैध वसूली पर सख्त कदम उठाना चाहिए। खासकर अस्पतालों में पार्किंग शुल्क को लेकर अलग से दिशा-निर्देश जरूरी बताए जा रहे हैं। कानूनी जानकारों के अनुसार, यदि कोई संस्थान बिना उचित अनुमति या नियमों के पार्किंग शुल्क वसूल रहा है, तो यह उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन माना जा सकता है।




### अस्पताल से मॉल तक आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ

हरिभूमि की टीम ने जब जमीनी हकीकत जानने के लिए शहर का दौरा किया, तो अस्पताल से लेकर मॉल तक पार्किंग के नाम पर लोगों से पैसे वसूले जाने की तस्वीर साफ नजर आई। नेहरू नगर के आगे नेशनल हाईवे किनारे संचालित एक निजी अस्पताल में पार्किंग की अलग व्यवस्था जरूर की गई है, लेकिन यहां भी आने वाले लोगों से शुल्क लिया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने सड़क पर जाम की स्थिति न बने, इसके लिए बाजू में स्थित खाली जमीन को पार्किंग स्थल के रूप में विकसित किया है। अस्पताल के मुख्य द्वार पर तैनात चौकीदार वाहनों को सीधे उसी पार्किंग में भेजता है। इसके बाद वाहन खड़ा करने पर चालकों से शुल्क वसूला जाता है। खास बात यह है कि पार्किंग के लिए जो पर्ची दी जाती है, उसमें अस्पताल का नाम स्पष्ट रूप से दर्ज रहता है, जिससे यह व्यवस्था पूरी तरह संस्थान से जुड़ी नजर आती है। इसी तरह जुनवानी स्थित सूर्या मॉल में भी पार्किंग को लेकर शुल्क लिया जा रहा है। यहां दोपहिया वाहन चालकों से 25 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। मॉल में खरीदारी करने पहुंचे लोगों का कहना है कि जब वे पहले से ही सामान पर खर्च कर रहे हैं, तो पार्किंग के लिए अलग से चार्ज लेना पूरी तरह से गलत है।

### कई बार की है शिकायत

मैंने कई बार इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की है। सूर्या मॉल में लंबे समय से वाहन पार्किंग के नाम पर लोगों से पैसा वसूला जा रहा है। यह पूरी तरह नियम के खिलाफ है।

-**मुकेश अग्रवाल**, पार्षद, वार्ड-2 भिलाई

### पार्किंग शुल्क लेना गलत

लोग दूर-दूर से खरीदारी करने सूर्या मॉल आते हैं। पार्किंग के लिए पैसा लेना गलत है। पार्किंग की सुविधा बुनियादी आवश्यकता के रूप में अनिवार्य है। इसके लिए शुल्क नहीं लिया जा सकता। जिला प्रशासन को इस पर कार्रवाई करना चाहिए।

-**हरिओम तिवारी**, पार्षद वार्ड-3 भिलाई

## आयुक्त मांगी एमआईसी बैठक की डेट, मेयर ने कहा आप ने भिलाई निगम के आयुक्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई





भिलाई निगम में बीते 25 मार्च को आयुक्त राजीव पाण्डेय के खिलाफ सर्व सम्मति अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद मेयर नीरज पाल ने उन्हें भिलाई का आयुक्त मानने से ही इंकार कर दिया है। आयुक्त राजीव पाण्डेय ने मेयर नीरज पाल को एक नोटशीट जारी कर महापौर परिषद और सामान्य सभा के अधिकार क्षेत्र के कुछ महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए बैठक आहूत करने की बात लिखी। इसके जवाब में मेयर ने उन्हें स्पष्ट जवाब दिया है कि आप तो भिलाई निगम के आयुक्त हैं ही नहीं। आपको नोटशीट जारी करने का अधिकार किसने दिया। उनके इस कृत्य को लेकर मेयर दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह से भी शिकायत करेंगे। मेयर नीरज पाल ने कहा कि 25 मार्च 2026 को सामान्य सभा में आयुक्त को सभी सदस्यों ने पूर्ण बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की। इसके बाद छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम धारा के अनुसार आयुक्त को सर्वसम्मति से हटा दिया गया है। उक्त बैठक के पारित संकल्प के परिपालन में धारा 54 (2) के अंतर्गत आयुक्त को पदमुक्त करने के फलस्वरूप उन्हें नगर निगम अधिनियम के किसी भी प्रावधान के उपयोग की शक्ति नहीं तब तक नहीं है, जब तक की राज्य सरकार उन्हें दोबारा से आयुक्त पद पर रिस्टेट नहीं कर देती है। अतः शासन द्वारा उपयुक्त आदेश आने तक आयुक्त अपने कार्यों से विमुख रहेगे और आयुक्त द्वारा लिए गए निर्णय शून्य होंगे।

### आयुक्त के हस्ताक्षर से किसी बैठक को बुलाना गलत

मेयर ने कहा कि सामान्य सभा ने अपने अधिकारो का उपयोग करते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय को नगर निगम अधिनियम के कानून में उल्लेखित प्रावधानों का उपयोग करते हुए आयुक्त पद से सर्वसम्मति से हटा दिया है। इसके बाद से अब आयुक्त के हस्ताक्षर से किसी भी प्रकार की बैठक या कार्यो का संपादन नही किया जा सकता। यदि ऐसा किया जाता है तो सामान्स सभा की पारित संकल्प का उल्लंघन होगा जिसकी अनुमति नगर निगम अधिनियम के विपरित होगी।

## मासूम के साथ अनाचार का प्रयास, आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



फिर एक मासूम से अनाचार करने का प्रयास किया गया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि आरोपी किशोर चौहान 23 वर्ष ने पांच वर्षीय मासूम को चाकलेट का झांसा देकर अपने साथ पुरैना के सुनसान जगह की ओर ले जा रहा था। तभी कुछ लोगों ने आरोपी को देख लिया। ग्रामीणों ने बच्ची को समय रहते बचाया और आरोपी युवक को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होकर आरोपी किशोर की जमकर पिटाई भी कर दी है। उसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाला किया गया। बच्ची की मां नहीं है और उसके पिता काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। बच्ची की देखभाल और लालन पालन एक मितानिन कर रही है। जिसने उसे गोद लिया हुआ है। शनिवार की शाम करीब 5 बजे बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। आरोपी बच्ची को दुकान से चॉकलेट दिलाने का झांसा दिया। झाड़ियों की तरफ लेकर जा रहा था। समय रहते सभी ने बच्ची को बचा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी प्रशांत पैकरा समेत पुलिस टीम पहुंची। पुलिस ने बताया कि अनाचार का प्रयास किया था, अनाचार हुआ नहीं है। घटना शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है।

इस गंभीर घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी सुखनंदन राठौर और सीएसपी प्रशांत कुमार सहित कई बड़े पुलिस अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### राहगीरों को हथियार दिखाकर डराने वाला पकड़ाया



भिलाई। राहगीर को धारदार हथियार दिखाकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जहाज बिल्डिंग वार्ड 19 के पास राजीव नगर मुस्लिम कब्रिस्तान के पास रहने वाला अमन कुमार मारकंडेय को पकड़ा गया। आरोपी के पास से धारदार हसियानुमा हथियार जब्त किया गया। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है।






## खबर संक्षेप

### अवैध शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। मुखबिर की सूचना पर उतई पुलिस ने उतई शराब भट्टी के पास अवैध शराब बेचने ग्राहक की तलाश कर परिवहन कर रहा था। घेराबंदी कर मुकेश नौरंगे उर्फ नजरू को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो अलग-अलग सफेद बोरी में रखे 55 शोले मशाला देशी मदिरा पौवा कुल 9.900 बल्क लीटर जब्त किया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव की टीम का योगदना रहा है।

### सात सांसदों का भाजपा में शामिल होना जनता और लोकतंत्र के साथ विश्वासघात

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी



छत्तीसगढ़ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवलाल नरेठी ने कहा कि आप पार्टी जनता के मुद्दों पर निर्णायक संघर्ष कर रही है और देश में ईमानदार राजनीति का मजबूत विकल्प बन चुकी है। ऐसे समय में कुछ नेताओं का भाजपा में जाना उनकी सत्ता लोलुपता को उजागर करता है। यह भाजपा द्वारा रचे गए व्यापक राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसके माध्यम से जनता और लोकतंत्र के साथ मजाक और विश्वासघात किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को आम आदमी पार्टी ने पहचान, मान, सम्मान और नेतृत्व का अवसर दिया। वे संघर्ष के समय पार्टी और जनता के साथ निर्भिकता के खड़े होने के बजाय सत्ता की शरण में चले गए। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंदर गुप्ता भाजपा में शामिल हो गए हैं।

# अस्पतालों के आसपास कचरे का अंबार, भीतर मरीज और हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-3 के आसपास इन दिनों कचरा डंप किए जाने से हालात बदतर हो गए हैं। अस्पताल के बाहर सड़ते कचरे से उठती तीखी बदबू ने आसपास के लोगों के साथ-साथ मरीजों का भी जीना मुश्किल कर दिया है।

इलाज के लिए आने वाले मरीज जहां पहले से ही बीमारी से जूझ रहे होते हैं, वहीं इस गंदगी और दुर्गंध के कारण उनकी परेशानी और बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस समस्या को लेकर शिकायत की गई, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। भिलाई-3 स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाजू में संचालित एक होटल से निकलने वाला धुआं अब नई मुसीबत बन गया है। होटल का एक्जास्ट सीधे अस्पताल की ओर खुलता है, जिससे धुआं वार्ड और परिसर में घुस रहा है।

इसका सीधा असर वहां मौजूद मरीजों और अस्पताल स्टाफ पर पड़ रहा है। कई लोगों ने सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन की शिकायत भी की है। स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। इस संबंध में नगर निगम भिलाई-चरोदा में शिकायत भी दर्ज कराई जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## मरीज और स्टॉफ बेहाल, शिकायत के बाद भी निगम खामोश



**जिम्मेदारों का कहना है...**

**रोज सफाई होना चाहिए**
अस्पताल के आसपास कचरा डंप किया जा रहा है। इससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। इसका रोज सफाई होना चाहिए।
**-डॉ. पीयम सिंह,** अस्पताल प्रभारी, सिविल अस्पताल सुपेला

**धुएं से हो रही परेशानी**
अस्पताल के पास कचरा डंप करने और होटल के धुएं से हो रही परेशानियों को नगर निगम के अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। **-डॉ. शिखर अग्रवाल,** अस्पताल प्रभारी, पीएचई भिलाई-3

**की जाएगी कार्रवाई**
अस्पताल एक संवेदनशील क्षेत्र है, साफ सफाई जरूरी है। कचरा और धुएं से संबंधित शिकायत का निरीक्षण कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। **-डीएस राजपूत,** आयुक्त ननि भिलाई-चरोदा

### कलेक्टर ने की राजस्व संबंधी प्रकरणों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# नक्शा बटांकन और भू-अर्जन मुआवजा भुगतान को लेकर तहसीलदार करेंगे स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अविवादित नामांतरण एवं अविवादित बंटवारा, विवादित नामांतरण एवं विवादित बंटवारा, सीमांकन प्रकरण, व्यपवर्तन प्रकरण एवं आटो डायवर्सन, कोटवारी भूमि विक्रय पर सिविल वाद दायर, स्वामित्व योजना, भारतमाला व रेल अधिनियिम के तहत भू-अर्जन के लंबित प्रकरण, भू-आबंटन, जाति प्रमाण पत्र, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4, डीसीएस सर्वेयरों के मानदेय भुगतान, कोर्स रजिस्ट्रेशन, राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, ई-डिस्ट्रिक्ट लोक सेवा गारंटी, अभिलेख शुद्धता, नजूल राजस्व प्रकरणों व नक्शा बटांकन की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिले में कोटवारी भूमि के अवैध विक्रय की जानकारी ली। कुल 90 प्रकरणों में से 89 मामलों में सिविल वाद दायर किया जाना है, अब तक 32 मामलों में वाद दायर किया गया है। 57 प्रकरण अभी लंबित हैं। कलेक्टर ने लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे कोटवारी भूमि के सभी खसरा नंबरों की ग्रामवार सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं। इस सूची के आधार पर पंजीयक द्वारा इन जमीनों के रजिस्ट्रेशन पर रोक (ब्लॉक) लगाई जाएगी, ताकि भविष्य में अवैध विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। अविवादित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में राजस्व न्यायालयों में निराकरण प्रतिशत 92.42 प्रतिशत दर्ज किया गया है। 16646 प्रकरणों में से 15385 का निराकरण किया है और 1237 प्रकरण अभी लंबित है। वहीं समय सीमा के बाहर 115 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कई प्रकरण तकनीकी समस्याओं के कारण लंबित हैं। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन समस्याओं के समाधान के लिए पत्र तैयार कर उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाए।



### सीमांकन के 1242 प्रकरण लंबित, 1080 का निराकरण

सीमांकन से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक बताया गया कि कुल 1,242 प्रकरणों में से 1,080 का निराकरण किया जा चुका है। वहीं 162 प्रकरण अभी लंबित हैं और 65 मामले समय सीमा के बाहर दर्ज किए गए हैं। कलेक्टर ने इन आंकड़ों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में जाकर लंबित और समय सीमा से बाहर प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निराकरण सुनिश्चित करें। सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण मामलों में देरी से आम नागरिकों को परेशानी होती है।

### जिले के 381 गांवों का ड्रोन सर्वे, अंतिम प्रकाशन जल्द

जिले के 381 गांवों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। 379 गांवों में आबादी भूमि के मैप-2 और मैप-3 प्राप्त हो चुके हैं। वहीं 106 गांवों में अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 273 गांवों में कार्य अभी प्रगति पर है। कलेक्टर ने अंतिम प्रकाशन के लिए शेष ग्रामों को शीघ्र करने को कहा, ताकि आगामी शिविर में वितरण का कार्य किया जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने भूमि-आबंटन के प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा शासकीय विभागों से भूमि आबंटन हेतु प्राप्त आवेदन को प्राथमिकता के साथ निपटाएं। कलेक्टर ने नक्शा बटांकन के कार्यों के सबंध में तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मैदानी क्षेत्रों का निरीक्षण कर जमीन की वस्तुस्थिति जांच की जाए एवं नक्शा बटांकन किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एडीएम विरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस, एसडीएम लवकेश ध्रुव, सोनाल डेविड, महेश राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

# भीषण गर्मी के बीच शक्तिनगर तालाब कराया जा रहा खाली कांग्रेस नेताओं ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17, 18 कादंबरी नगर-शक्ति नगर में भीषण गर्मी के बीच मोटर पंप के माध्यम से तालाब को खाली किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से स्थानीय रहवासियों में भारी नाराजगी है तथा आने वाले समय में जल संकट और बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। कांग्रेस ने भी विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल एवं नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वार्ड 17 एवं 18 में घनी आबादी वाले क्षेत्र हैं, ऐसे में तालाब का पानी निकालने से आसपास के क्षेत्रों का जलस्तर तेजी से नीचे जाएगा, जिससे बोरिंग सूखने की स्थिति निर्मित हो सकती है और आम नागरिकों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह तालाब केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि स्थानीय रहवासियों के दैनिक उपयोग, पशु-पक्षियों की आवश्यकताओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। तीज-नहावन जैसे पारंपरिक आयोजन भी इसी स्थल पर होते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण जल स्रोत को इस प्रकार खाली करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर मामले की जानकारी देते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवश्री साहू, किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनोद सेन, मंडल अध्यक्ष राकेश साहू, शंकर ठाकुर, युवराज ठाकुर एवं अमित देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों का काम है अच्छे काम में बाधा डालना

कांग्रेसियों का काम है कि वह हमेशा अच्छे काम में बाधा डालते हैं। शक्तिनगर तालाब में जल स्तर पहले ही कम था। शासन से गहरीकरण और पचरीकरण के लिए राशि स्वीकृत हुई है। आने वाले समय में तालाब का सौंदर्यीकरण होना है। इससे आसपास के लोगों को फायदा ही होगा। कांग्रेस का आरोप निराधार है।
**-देवनारायण चंद्राकर,** प्रभारी लोककर्म प्रभारी और वार्ड पार्षद

## मरीज को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 22 मिनट में रायपुर पहुंचाया

**भिलाई।** गंभीर मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने ,जीवन रक्षा के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा लगातार ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मरीज को रायपुर अस्पताल भेजा है। हाईवे पेट्रोलिंग 2 द्वारा बीएम शाह अस्पताल से गंभीर मरीज नंदिनी रोड निवासी उत्तमचंद साहू को रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर रेफर किया गया। विशेष ट्रैफिक व्यवस्था बनाकर 22 मिनट में अस्पताल पहुंचाई है। मरीज की गंभीर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कुम्हारी टोल प्लाजा सहित मार्ग के संवेदनशील, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पूर्व से तैनात जवानों द्वारा ट्रैफिक नियंत्रित कर ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया। हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा बीएम शाह अस्पताल से कुम्हारी टोल तक मार्ग पूर्णतः क्लियर कर एम्बुलेंस को आवागमन उपलब्ध कराया गया। कुम्हारी टोल पहुंचाया गया, जहां से आगे रायपुर हाईवे पेट्रोलिंग को सुपुर्द किया गया।

## चार एएसआई का हुआ प्रमोशन, डबल स्टार लगा बने एसआई

**भिलाई।** जिले के चार सहायक उप निरीक्षकों का एसएसपी विजय अग्रवाल ने कंधे में स्टार लगाकर पदोन्नति दी है। इस दौरान एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि पुलिस में पदोन्नति से बल का मनोबल बढ़ा है। कानून व्यवस्था के प्रति और अधिक प्रभावी दायत्वि निर्वहन की अपेक्षा व्यक्त की गई। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के परिपालन में पुलिस कर्मियों को पदोन्नत किया गया। पदोन्नत पाने वाले उप निरीक्षक गोरख नाथ चौधरी, उप निरीक्षक पूर्ण बहादुर कांकी, उप निरीक्षक चन्द्रशेखर सोनी, उप निरीक्षक केशव दयाल तिवारी शामिल है। पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों द्वारा अपने दायित्वों के प्रति समर्पण दोहराते हुए कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, आमजन की सुरक्षा के प्रति और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया है।



## नाली में कचरा मिलने पर सुपरवाइजर को फटकार, तत्काल सफाई के निर्देश

**दुर्ग।** आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 14 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को सख्त हिदायत दिए, कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर का भी अवलोकन किया गया, जहां कचरे के प्रबंधन, पृथक्करण और निष्पादन की प्रक्रिया को देखा गया। अधिकारियों ने सेंटर की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए हर स्तर पर सतर्कता और जिम्मेदारी जरूरी है। इसी दौरान आयुक्त श्री अग्रवाल ने सिकोला से उरला की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित बड़ी नाली में कचरा जमा पाया गया, जिस पर संबंधित सफाई सुपरवाइजर को कड़ी फटकार लगाई गई। अधिकारियों ने तत्काल नाली की सफाई कर सुचारू जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे रिक्त स्थानों पर धूल उड़ने की समस्या को देखते हुए वहां पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि इन स्थानों को व्यवस्थित कर धूल से मुक्त किया जाए, जिससे पर्यावरण स्वच्छ रहे और नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण मिल सके। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे इस तरह के नियमित निरीक्षण से शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विशेष सूचना
कंपनियों के पास जरुरत से ज्यादा स्टॉक हो जाने के कारण
स्टॉक क्लीयरेंस सेल
AT HOTEL EMPYREAN (CHAUHAN RESORT) BHILAI - DURG
UPTO 90% OFF On Summer Garments, Footwear & Home Decor
SALE ONLY 12 HOURSE
26th APRIL 2026 SUNDAY
Time : 10:00 AM to 10:00PM
ABOUT 100+ NATIONAL & INTERNATIONAL BRANDS UNDER ONE VENUE
100% ORIGINAL STOCK
0 to 6XL Sizes Available
MENS WEAR: ₹2000 से लेकर ₹5000 तक बिकने वाले सिर्फ ₹199 और ₹299 से प्रारंभ
GIRLS & LADIES WEAR: ₹2000 से लेकर ₹4000 तक बिकने वाले सिर्फ ₹199 और ₹299 से प्रारंभ
KIDS WEAR: ₹1000 से लेकर ₹2000 तक बिकने वाले सिर्फ ₹199 से प्रारंभ
BRANDED FOOTWEAR: ₹5000 से लेकर ₹8000 तक बिकने वाली सिर्फ ₹1500
FREE ENTRY
HOME DECOR AND SPECIAL COUNTER ₹199 से लेकर ₹1399 तक
Heavy Discount on all the Branded Products! Buy now or Regret later
₹1000 से लेकर ₹2000 तक बिकने वाले अंडरगारमेंट्स......सिर्फ ₹99 और ₹199
Venue : THE EMPYREAN HOTEL BY CHAUHAN RESORT
Durg Bypass Road Bhilai-Durg
All DEBIT & CREDIT CARD ACCEPTABLE
*T & C Apply

### एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा टीम को सम्मानित

# पॉक्सो के दो मामलों में 20 वर्ष और 5 वर्ष का सश्रम कारावास



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेवई थाना क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट के एक मामले में पुलिस ने सुदृढ़ विवेचना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। न्यायालय में प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने आरोपी जगन्नाथ यादव को 20 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया। इसके अलावा थाना मोहन नगर के प्रभावी विवेचना एवं अभियोजन पक्ष द्वारा सुदृढ़ पैरवी के आधार पर आरोपी तामेश्वर यादव को 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। उत्कृष्ट विवेचना एवं न्यायालय में प्रस्तुत सशक्त साक्ष्यों के आधार पर दो गंभीर प्रकरणों में आरोपियों को कठोर सजा दिलाने वाले विवेचक और लोक अभियोजक को एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े गंभीर अपराधों में की गई वैधानिक

- **उत्कृष्ट विवेचना एवं न्यायालय में प्रस्तुत सशक्त साक्ष्यों के आधार पर मिली सजा**

कार्रवाई के तहत प्रभावी अनुसंधान एवं दोष सिद्ध हुआ। उक्त प्रकरणों में प्रभावी विवेचना एवं दोषससिद्ध सुनिश्चित कराने में विशेष लोक अभियोजक रूपवती तिल्लीवार, उप निरीक्षक कमल सिंह सागर, सहायक उप निरीक्षक हेमलता वर्मा, महिला प्रधान आरक्षक मीना ठाकुर की भूमिका अहम रही है।

**खबर संक्षेप**

### 10वीं में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, सम्मान



**कुम्हारी।** विचक्षण जैन विद्यापीठ की ओर से कक्षा 10वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के आने पर विद्यार्थियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ट्रस्ट के सदस्य स्वप्निल जैन और प्राचार्य ए.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय की तरफ से प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ताम्रकार समाज आदर्श सामूहिक विवाह का आज

**धमधा।** ताम्रकार समाज द्वारा आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन आज दिनांक 26 अप्रैल रविवार को तमेर पारा, धमधा में किया जा रहा है। आयोजन हैहयवंशी क्षत्रिय ताम्रकार समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में हो रहा है। इस वर्ष समारोह में 7 नवदंपत्ति जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। समाज के अध्यक्ष नीलकमल ताम्रकार एवं सचिव विमलचंद ताम्रकार ने उक्त जानकारी देते हुए समाज के सभी सदस्यों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण की शुरूआत

**पाटन।** स्वास्थ्य केंद्र रानीतराई में रश्मि वर्मा जनपद सदस्य के आतिथ्य में बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण की शुरूआत की गई। स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर सुब्रत नंदी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का यह टीकाकरण किया जा रहा है।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक संकल्प प्रस्ताव पूर्ण बहुमत से पारित, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगरपालिका परिषद कुम्हारी में नारी शक्ति वंदन विधेयक (महिला आरक्षण विधेयक) संकल्प प्रस्ताव पर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मीना वर्मा ने कहा कि यह विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हे निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी प्रदान करेगा जिससे लोकतंत्र और अधिक समावेशी, सशक्त एवं प्रतिनिधित्वपूर्ण बनेगा। वहीं विपक्षी दल के पार्षदों ने स्थानीय मुद्दों को लेकर रोष व्यक्त किया।

**कुम्हारी नगर पालिका में हुई जमकर बहस, कांग्रेस ने उठाए सवाल**




पार्षद श्रीमती जानकी ध्रुव ने कहा कि सत्ता पक्ष नारी सशक्तिकरण की बात कर रहा है जबकि स्थानीय स्तर पर सरकार की महतारी वंदन योजना के केवाइसी के नाम पर लोगों को भटकना पड़ रहा है। साथ ही सफाई कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं भी नही मिल पा रही हैं। पेंशन का भी बुरा हाल है। पार्षद ओमनारायण वर्मा और उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने भी इसपर सवाल उठाए। पार्षद लेखराम साहू ने कहा कि 2023 में ही जब यह विधेयक पारित हो चुका है फिर यह दुबारा क्यों? इन तमाम सवालों का जवाब पूर्व पार्षद राजू निषाद और पार्षद लोकेश साहू ने दिया और विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि पहले पूर्ण जानकारी रखें फिर सवाल करें। पार्षद अनुराग गुप्ता ने महतारी वंदन योजना पर संशय को दूर करते हुए कहा कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक वार्डों में केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और जिनका हो चुका है उन्हें आवश्यकता नही पड़ेगी। वही पार्षद यूजेन्द्र साहू ने आरोप लगाया कि उन्हें अपनी बात कहने का अवसर नही दिया गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती तृप्ति चंद्राकर ने भी अपनी बात रखी। अंत मे पालिकाध्यक्ष ने सर्वसम्मति से विधेयक को अपनी सहमति प्रदान कर दी। बैठक के पश्चात अध्यक्षा मीना वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्षा तृप्ति चंद्राकर और रीता पाण्डेय के नेतृत्व में महिला पार्षदों, भाजपा मण्डल कुम्हारी की महिला कार्यकर्ताओं योगिता वर्मा, रागिनी निषाद, उमेश्वरी साहू और रीतिका यादव सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति वंदन विधेयक के समर्थन में रैली निकाली।

### बोरी में 145 ग्रामीणों ने किया विरोध, सिर्फ 27 समर्थन में

# 'दारू पर महाभारत' के चलते ग्रामसभा बनी रणभूमि, महिला पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

बोरी ग्राम पंचायत में शराब दुकान (दारू भट्ठी) खोलने को लेकर हालात अब पूरी तरह विस्फोटक हो गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित विशेष ग्रामसभा में जहां पहले बहस और हंगामा हुआ, वहीं अब मामला हिंसा तक पहुंच गया है।

सभा में सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं और युवा शामिल हुए। दारू भट्ठी के विरोध में 145 लोगों ने हस्ताक्षर किए, जबकि केवल 27 लोगों ने समर्थन किया। इसके बावजूद गांव में शराब दुकान खोलने की चर्चा ने माहौल को गरमा दिया।

इसी बीच एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। ग्राम की महिला सावित्री निषाद अपने पति जितेंद्र निषाद को समझा रही थीं कि वे शराब दुकान नहीं खोलने के पक्ष में हस्ताक्षर करें। इसी दौरान ग्राम के विनोद देशमुख ने बीच में आकर महिला के साथ मारपीट कर दी।

बताया जा रहा है कि महिला को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि वह लहूलुहान हो गई। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई, लेकिन इसके बावजूद अभी तक मामले में कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। इस घटना के बाद ग्रामसभा में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि जब पुलिस के सामने इस तरह की घटना हो सकती है और फिर भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले भी बोरी में शराब दुकान के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन हुआ था, जिसके चलते दुकान को बंद करना पड़ा था। उस समय सरपंच ने भी वादा किया था कि "जब तक जान है, गांव में शराब दुकान नहीं खुलने देंगे।"

अब इस नए विवाद और हिंसा की घटना ने पूरे मामले को और संवेदनशील बना दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से न केवल शराब दुकान का प्रस्ताव रद्द करने की मांग की है, बल्कि महिला के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है।

**विरोध के बीच महिला को पीटकर किया लहूलुहान**





# आलबरस पुल में ठेकेदार और विभाग की अनदेखी दे रही दुर्घटना को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आलबरस में तांदुला नदी पर पुल पर जर्जर हो चुका है। यहां पेचवर्क काम चल रहा है। लोक निर्माण विभाग दुर्ग की उदासीनता और ठेकेदार की घोर लापरवाही राहगीरों को रात के अंधेरे में परेशानी बन गई, क्योंकि ना सेफ्टी रिबन लगा है, ना वर्क प्रोसेस का रेडियम साइन बोर्ड लगा है।

- विभागीय अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का दिया आश्वासन

गौर हो कि इस मार्ग पर रोज आम जन गुजरते हैं। आलबरस नदी मोड़ के पास कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं। लोग काल के गाल में समा गए, फिर भी विभाग शायद दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। लापरवाही बरते हुए, कंटीले पेड़ को डाल कर खाना पूर्ति कर दी गई है। निकुम के हेमंत ने बताया कि रात के आलबरस पूल पर अंधेरे में दुर्घटना होते बच गया। जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने आम जन की सुरक्षा को देखते हुए समय रहते सेफ्टी रिबन सहित साइन बोर्ड लगाने की बात कहीं। वही आल बरस के सरपंच भुवन लाल देशमुख ने कहा सजगता से काम करे। लोक निर्माण विभाग ब्रिज दुर्ग एस डी ओ अशोक हरियाले ने कहा कि सुरक्षा संबधी व्यवस्था तुरंत करवाता रहे हैं।

### कृषि आदान व्यापारियों की कल हड़ताल, केंद्र सरकार तक उठाएंगे मुद्दा



**सेलूद।** कृषि आदान व्यापारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 27 अप्रैल को देशभर के व्यापारी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। पाटन ब्लॉक एग्री डीलर्स संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा परेश टांक एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन (आईडा) नई दिल्ली देशभर के खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का एक पंजीकृत संगठन है, जो लगभग 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन के सदस्यों को पिछले 10 वर्षों से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनके समाधान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों से लगातार निवेदन किए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संघ ने अपनी प्रमुख मांगों में खाद पर जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध, उर्वरकों की एफओआर आपूर्ति सुनिश्चित करना, डीलर मार्जिन बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत करना और 'साथी' पोर्टल को ग्रामीण विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बनाने की मांग शामिल की है।

**बिजनेस साइट**

### लाइफ स्टाइल ब्रांडेड सेल में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, सेल मात्र 12 घंटों के लिए



**भिलाई।** चौहान एम्परियन होटल में आयोजित स्टॉक क्लियरेंस सेल ने भारी संख्या में ग्राहकों को आकर्षित किया है। कंपनियों के पास अतिरिक्त स्टॉक जमा हो जाने के कारण यह विशेष सेल आयोजित की गई, जिसमें ग्राहकों को 90% तक की छूट दी जा रही है। यह सेल तीन दिनों के लिए आयोजित की गई है, जिसमें विंटर और समर गारमेंट्स, फुटवियर और होम डेकोर उत्पादों पर भारी डिस्काउंट मिल रहा है। सेल में लगभग 100 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए गए हैं। पुरुषों के कपड़ों पर 199 से 999 तक, महिलाओं के परिधानों पर 199 से 499 तक और बच्चों के कपड़ों पर 199 से 299 तक के आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। वहीं, ब्रांडेड फुटवियर और होम डेकोर आइटम्स भी आधी कीमत तक उपलब्ध हैं। आयोजकों का कहना है कि इस तरह की सेल का उद्देश्य अतिरिक्त स्टॉक को तेजी से निकालना और ग्राहकों को किफायती दरों पर ब्रांडेड उत्पाद उपलब्ध कराना है। यह सेल आज भी रहेगा। ग्राहक सुबह 10 बजे से आकर अपने पसन्द के ब्रांड के कपड़े कम दाम में खरीद सकते है।

### यामाहा स्कूटर माइलेज प्रतियोगिता में ज्योति रोहिल्ला रही प्रथम



**भिलाई।** इशान ऑटोवर्ल्ड ने भिलाई में यामाहा स्कूटर माइलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें दस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में एक तय दूरी तय करनी थी। ज्योति रोहिल्ला ने पहला स्थान हासिल किया और 87.1 केएम प्रति लीटर का माइलेज दिया। प्रांजल ने 83.4 के एम के माइलेज के साथ दूसरा स्थान और एम नरेश ने 81.88 केएम के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन तीनों सफल प्रतिभागियों को यामाहा इंडिया के सर्विस इंजीनियर शिवम मिश्रा ने सम्मानित किया। उन्होंने उन्हें कैश वाउचर, प्रमाण पत्र और आकर्षक उपहार भेंट किए। इशान ऑटोवर्ल्ड के मालिक इशान अग्रवाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने यह साबित कर दिया है कि यामाहा ब्रांड भारत में सबसे ज़्यादा माइलेज देने वाले स्कूटर पेश करता है। यामाहा स्कूटर अनोखे रंग विकल्पों में उपलब्ध हैं और वाहन की खरीद पर विशेष उपहार भी दिए जाते हैं। इसके अलावा कम से कम डाउन पेमेंट के साथ फाइनेंसिंग और एक्सचेंज की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट, शादी में आकर्षक आभूषण की विशाल रेंज




**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

### जानकारी के अभाव में बिगड़ता है हेपाटाइटिस रोग : डॉ.एचसी अग्रवाल



**भिलाई।** प्रसिद्ध वायरोरिसर्च के संचालक डॉ. एच.सी. अग्रवाल स्टेशन रोड दुर्ग ने लीवर (यकृत) की बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लीवर और हेपाटाईटिस की बीमारी दोनों अलग-अलग हैं, जबकि लोग इसे एक ही समझते हैं। हेपाटाईटिस एक वायरस जन्य रोग है जबकि लीवर रसायनिक प्रक्रिया (केमिकल कम्पाउण्ड) के कारण होता है। जानकारी के अभाव नें लोग लीवर के टेस्ट कराते हैं तो वो स्वस्थ पाया जाता है और पता चलता है कि उसे हेपाटाईटिस है। ऐसे में कई बार मरीज की जान तक जा सकती है। हेपाटाईटिस अगर बिगड़ जाता है तो वो सीधे लीवर को संक्रमित करता है। उन्होंने वायरस के बारे में बताया कि वायरस एक तत्व है जीव नहीं ये सिर्फ आयुर्वेद के रस रसायन के द्वारा जड़ से खत्म किया जा सकता है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए अभियान

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में आवारा मवेशियों के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए दुर्ग नगर निगम द्वारा विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निगम की टीम द्वारा मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़ने का कार्य नियमित रूप से दो शिफ्टों में किया जा रहा है। अतिक्रमण टीम ने आज आमदी मंदिर के पीछे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर काऊ कैचर वाहन की सहायता से मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़ा।रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पकड़े गए मवेशियों को रेडियम पट्टी पहनाई जा रही है, ताकि अंधेरे में भी वे स्पष्ट रूप से दिखाई दें और वाहन चालकों को सतर्कता मिल सके।

### निगम ने नाली से अवैध अतिक्रमण किया ध्वस्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 02 वैशाली नगर अंतर्गत नाली के उपर किये गये अवैध अतिक्रमण को निगम की टीम ने ध्वस्त किया। स्थानीय निवासियों द्वारा जनदर्शन में शिकायत दर्ज किया गया है कि कुछ मोहल्लेवासी अपने घरो के सामने गाड़ी निकालने एवं चढ़ाने के लिए रैम्प बनाए हैं, जिसके कारण गली में चलने फिरने में परेशानी होती थी। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को प्राप्त सूचना के आधार पर जोन-2 का राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम द्वारा मौका निरीक्षण किया गया। स्थल पर पाया गया कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा घरों के सामने नाली के उपर अतिक्रमण कर रैम्प बनाया गया है, जिससे गली सकरा हो गया है और आवागमन में असुविधा हो रही है। संयुक्त टीम ने पंचनामा तैयार कर जेसीबी के माध्यम से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है।

# स्पर्श अस्पताल के संचालक से भी गुरुमीत ने मांगे थे 20 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राम नगर सुपेला स्थित स्पर्श अस्पताल संचालक को भी गुरुमीत सिंह वाधवा ने 20 लाख रुपए का डिमांड कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी। रकम नहीं देने पर अस्पताल कर्मियों से गाली गलौज करता रहा। सुपेला पुलिस ने बताया कि महाप्रबंधक स्पर्श अस्पताल अखिल मडामे ने शिकायत की है कि सुंदर नगर भिलाई निवासी गुरुमीत सिंह वाधवा अस्पताल पहुंचा था।

उसने बड़े नेताओं से जान पहचान का हवाला देकर झूठे केस में फंसाने और अस्पताल बंद करने की धमकी दी। माह नवम्बर 2025 में स्पर्श अस्पताल राम नगर सुपेला गुरुमीत सिंह वाधवा आया था। खुद को इंटरनेशनल मैगजीन फोर्ब्स एडिटर बताकर प्रबंधन को झांसा देकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ वाली फोटो दिखाकर प्रदेश के अस्पतालों की जांच के लिए अधिकृत करना बताया था। जो पूरी तरह से साजिश के तहत अस्पताल में आया था। दो बार अस्पताल आया और कथित जांच किया। गुरुमीत सुहि वाधवा लगातार मोबाइल कॉल कर अस्पताल प्रबंधन को धमकाता रहा है।

ऑक्सीजन प्लांट लगत लगने, पर्यावरण नियम के खिलाफ, अस्पताल की बिल्डिंग का हवाला देकर सब गलत होने की बात कहकर दबाव डाल रहा था। परेशान स्पर्श अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत की। इसके अलावा अस्पताल पार्किंग तक को बंद कराने की धमकी लगातार देता है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन को गुरुमीत सिंह वाधवा की हरकत शुरू से फर्जी लग रही थी।



## एसबीएस अस्पताल मामले में आरोपी हुआ है गिरफ्तार

### माह जनवरी में पहुंचा था महाप्रबंधक के केबिन में और दी धमकी

शिकायत में बताया गया है कि जनवरी 2026 को अस्पताल के महाप्रबंधक के केबिन में गुरुमीत सिंह वाधवा पहुंच गया। जहां गाली गलौज कर धमकाने का प्रयास कर रहा था। अस्पताल के खिलाफ सूचना के अधिकार के तहत आवेदन लगाकर सारी जानकारी मांगने की भी धमकी दिया। अस्पताल से रकम वसूली करने हर हथकंडा वाधवा ने अजमाया था। परेशान प्रबंधन ने सुपेला पुलिस को लिखित में शिकायत किया। जांच के बाद अपराध कायम किया है।



## रिपोर्ट : जिला शिक्षा विभाग की पांच सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट में खुलासा

# बीएनएस, मार बेसलेनियस, एसएनपीएस, महर्षि दयानंद आर्य विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले में निजी स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी की किताबों की जगह निजी प्रकाशकों की किताबें, गणवेश और फीस को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने पांच सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है।

हरिभूमि ब्रेकिंग

इस कमेटी ने अपने पास आई शिकायतों की जांच भी पूरी कर ली है। इस जांच रिपोर्ट में जिन स्कूलों की लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई वह सही पाई गई है। बी.एन.एस. सेक्टर-8 विद्यालय, मार बेसलेनियस स्कूल सुपेला भिलाई, एस.एन.पी.एस. स्कूल कोहका और महर्षि दयानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपारा दुर्ग में निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई करवाई जा रही है। जांच टीम के अभिमत के आधार पर इन स्कूलों में से केवल एक स्कूल एसएनपीएस स्कूल पर ही कार्रवाई होनी है। शेष तीन स्कूलों को प्रबंधन के जवाब प्रस्तुत करने के बाद चेतावनी और राहत प्रदान करने का अभिमत पांच सदस्यीय टीम ने दिया ।

## जांच कमेटी के समक्ष केवल तीन पालकों और दो नागरिकों ने की शिकायत

### जांच कमेटी के समक्ष स्कूलों की ऐसी शिकायत, जवाब और रिपोर्ट

**केस-1**

**शिकायत-** शिकायतकर्ता एलके तिवारी का कथन है कि कि बी.एन.एस. सेक्टर-8 के प्रबंधक द्वारा बाध्य किया जाता है कि किताबें निजी दुकान से जो भिलाई में एक ही है उससे लेना अनिवार्य है, प्रश्न पत्र के लिए छात्र से ही पेपर लिया जाता है अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद नया कापी मंगवाया जाता है।

**जवाब-** प्राचार्य बीएनएस सेक्टर-8 भिलाई का कथन है कि अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये विद्यालय की संशोधित पुस्तक सूची स्कूल के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गई है। अभिभावक इन पुस्तकों को अपनी सुविधानुसार किसी भी दुकान से कय करने के लिए पूर्णतः स्वतंत्र है। इस संदर्भ में उन्होने एक पत्र भी दिया है परन्तु उस पत्र में पीएटी का अनुमोदन नहीं है।

**जांच टीम का अभिमत-** बीएनएस सेक्टर-8 के प्राचार्य के द्वारा आश्वस्त किया गया है कि आगामी सत्र 2026-27 से शिकायतकर्ता के द्वारा की गई शिकायतों की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

**केस-2**

**शिकायत-** सुप्रियो मजूमदार की शिकायत है कि एसएनपीएस स्कूल कोहका में स्कूल प्रबंधन द्वारा तिवारी बुक डिपो सेक्टर-06 से पुस्तकें खरीदने के लिए भेजा जाता है। गणवेश के लिए बालाजी गारमेंन्टस में भेजा जाता है।

**जवाब-** प्राचार्य एसएनपीएस का कथन है कि नर्सरी, केजी 1, केजी 2, कक्षा के लिए शिक्षा विभाग द्वारा कोई भी पाठ्यक्रम निर्धारित नहीं की गई है इसलिए निजी प्रकाशन की किताबें चलाई जा रही है। कोहका क्षेत्र में कोई भी बुक डिपो नहीं है इसलिए सेक्टर-6 के दुकान का पता बताया जाता है।

**जांच टीम का अभिमत-** 2. एस.एन.पी.एस. स्कूल कोहका के प्राचार्य द्वारा शिकायतकर्ता के संदर्भ में संतोषप्रद कथन प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः उक्त विद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की अनुशंसा की जाती है।

**केस-3**

**शिकायत-** शिकायतकर्ता रवि धर्मकार, सिद्धार्थ नगर दुर्ग का कथन है कि महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय, मठपारा, दुर्ग में उनके बच्चे के लिए ड्रेस स्कूल द्वारा बताये गये जगह से लेने को कहा गया और ज्यादा कीमत भी वसूली की गई। विरोध करने पर धमकाया गया। स्कूल कार्यालय में बुलाकर अपमानित कर परिसर से निकल जाने को कहा गया। उन्होंनेओम यूनिफार्म की बिल कॉपी भी प्रस्तुत किया है जिसमें महर्षि दयानंद नाम से 1320 रु का ड्रेस का बिल है

**जवाब-** सचिव महर्षि दयानंद उ.मा. विद्यालय का कथन है कि विद्यालय में नर्सरी, केजी 1 तथा केजी-2 के बच्चों के लिए शासन द्वारा पुस्तकें प्राप्त न होने के कारण नवबोध प्रकाशन की अभ्यास पुस्तिकाओं से पढ़ाई कराई जाती है। विद्यालय का गणवेश शहर के अनेक दुकानों में मिलता है। इसके प्रमाण में पृथक-पृथक तीन दुकानों के बिल प्रस्तुत किया गया।

**जांच टीम का अभिमत-** महर्षि दयानंद आर्य उमा विद्यालय, मठपारा, दुर्ग से संबंधित शिकायत आंशिक रूप से सही पाई गई।

**केस-4**

**शिकायत-** सीवी भगवंत राव की शिकायत है कि सत्र 2026-27 में जिले के अंतर्गत निजी विद्यालयों के द्वारा अनुमोदित नियमों का उलंघन कर निजी प्रकाशकों की पाठ्यपुस्तकों का उपयोग शिक्षा प्रदाय के लिए किया जा रहा है। इस संदर्भ में बीएनएस सेक्टर-8 विद्यालय, मार बेसलेनियस स्कूल सुपेला भिलाई का जॉच दल के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि उक्त विद्यालयों के द्वारा एनसीईआरटी. की पुस्तकों के अलावा निजी प्रकाशन की पुस्तकों का भी उपयोग किया जा रहा है।

**जांच टीम का अभिमत-** इस संदर्भ में जिले के अंतर्गत संचालित समस्त निजी विद्यालयों के लिए चेतावनी पत्र जारी करने की अनुशंसा की जाती है जिसमें उल्लेख हो कि एनसीईआरटी /एससीईआरटी. के पाठ्यक्रमों की पुस्तकों से पठन-पाठन कार्य करवाया जाए। निजी प्रकाशकों की पुस्तकों (संदर्भ पुस्तकें) को जनसहयोग से क्रय कर पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के उपयोग के लिए रखी जाएं।

**हरिभूमि में प्रकाशित खबरें**


शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने बनाई कमेटी
राष्ट्रीय शिक्षा नीति सभी निजी विद्यालयों में लागू एनसीईआरटी की किताबों से नहीं हो रही पढ़ाई
190 सीजी संबद्धता स्कूलों ने अप्रैल में शुरू कर दिए शैक्षणिक सत्र

### बजरंग दल की शिकायत पर जांच संभव नहीं

जांच कमेटी के समक्ष बजरंग दल ने भी शिकायत करवाई है। अध्यक्ष छ.ग. बजरंग दल एवं अध्यक्ष राहुल बोरकर भीम आर्मी की शिकायत समस्त निजी विद्यालयों की बढ़ती फीस, किताबें एवं गणवेश के एकाधिकार विक्रय के संदर्भ में है। जांच टीम की अभिमत है कि जिले के अंतर्गत लगभग 600 निजी मान्यता प्राप्त शालाएं हैं। चूंकि इस शिकायत में जिले के किसी विशेष विद्यालय का नाम स्पष्ट न होने के कारण से निर्धारित समय में जांच करना आसान न होगा।

### विडंबना यह- केवल तीन पालकों ने ही दर्ज करवाई शिकायत

जिला शिक्षा विभाग द्वारा गठित जांच कमेटी के समक्ष केवल तीन पालकों और दो आम जनता ने शिकायत दर्ज करवाई। यानी पालकों का आर्थिक शोषण हो रहा है लेकिन झंडा शहर के संगठन या आम लोग उठा रहे हैं। लड़ाई पालकों के लिए हैं लेकिन उनकी भूमिका ही शून्य है। जिसकी वजह से जिला शिक्षा विभाग कार्रवाई निजी स्कूलों की मनमानी नहीं रोक पा रहा और कार्रवाई तक नहीं कर पाता।

## महापौर ने लकवा पॉइंट का किया निरीक्षण समस्याएं सुनी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर के साथ दादा-दादी नाना-नानी पार्क स्थित लकवा पॉइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां एक्सरसाइज कर रहे लकवा (पैरालिसिस) मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। महापौर ने मौके पर उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए जाना कि नियमित व्यायाम और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने मरीजों के परिजनों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि निगम स्तर पर हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने लकवा मरीजों के लिए आवश्यक एक्सरसाइज सामग्री एवं सुविधाओं के विस्तार हेतु 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामग्री की उपलब्धता और व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे नागरिकों को सहयोग प्रदान करना भी है। उन्होंने कहा कि लकवा मरीजों के पुनर्वास और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए ऐसे केंद्रों का सशक्त होना बेहद आवश्यक है।

# सफाई जांचने स्वच्छता सर्वेक्षण टीम आएगी दुर्ग, इधर नालियों में कचरा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 14 में शनिवार को सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने क्षेत्र में साफ-सफाई की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर का भी अवलोकन किया गया, जहां कचरे के प्रबंधन, पृथक्करण और निष्पादन की प्रक्रिया को देखा गया।अधिकारियों ने सेंटर की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए हर स्तर पर सतर्कता



और जिम्मेदारी जरूरी है। आयुक्त ने सिकोला से उरला की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित बड़ी नाली में कचरा जमा पाया गया, जिस पर संबंधित सफाई सुपरवाइजर को कड़ी फटकार लगाई गई। अधिकारियों ने तत्काल नाली की सफाई कर सुचारू जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि इन स्थानों को व्यवस्थित कर धूल से मुक्त किया जाए, जिससे पर्यावरण स्वच्छ रहे और नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण मिल सके।

## तथ्यहीन बयान के लिए पूर्व अध्यक्ष माफी मांगें- दुबे

**कुम्हारी।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा है कि पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर के द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से आरोप लगाया गया था कि कुम्हारी के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बच्चों से फीस ली जा रही है जो कि कांग्रेस शासनकाल में नही लिया जाता था। ये आरोप पूरी तरह तथ्यहीन और बेबुनियाद है। आलोक दुबे कहा कि अभी वर्तमान में मैं पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल का अध्यक्ष हूँ और अगर उनकी बातों में सच्चाई है तो इसका कोई साक्ष्य प्रस्तुत करें क्योंकि ऐसे बेसिरपैर के बयान से विद्यालय की छवि धूमिल होती है शायद यही इनकी मंशा भी है ।इसके लिए इन्हें सार्वजनिक रूप से लिखित माफी मांगना चाहिए।



# नेशनल लोक अदालत में निपटेंगे लंबित मामले, तैयारियों को लेकर डीजे ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आगामी दिनों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारियों को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने सभागार में बैठक ली। बैठक में समस्त न्यायाधी शामिल हुए। डीजे ने न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करें तथा पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से विवाद समाधान हेतु प्रेरित करने कहा। साथ ही प्री-सीटिंग हेतु जारी नोटिसों की समयबद्ध एवं प्रभावी तामिली सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। विशेष रूप से राजीनामा योग्य सिविल एवं आपराधिक प्रकरण, बैंक, बीमा, मोटर दुर्घटना दावा, धारा 138 एन.आई. एक्ट, विद्युत एवं अन्य प्री-लिटिगेशन प्रकरणों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निस्तारण हेतु संवेदनशील, संवादात्मक एवं सकारात्मक




काउंसलिंग दृष्टिकोण अपनाया जाए तथा अधिवक्ताओं एवं संबंधित विभागों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर अधिकतम प्रकरणों के निराकरण को सुनिश्चित किया जाए। बीमा कंपनियों के अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि वे लोक अदालत के दिन सक्षम प्राधिकारी के रूप में उपस्थित रहकर व्यवहारिक एवं न्यायोचित समझौता प्रस्ताव प्रस्तुत करें। साथ ही अधिवक्तागण से अपेक्षा की गई कि वे पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराते हुए समझौता प्रक्रिया में सक्रिय एवं सकारात्मक सहयोग प्रदान करें।

## अपने सिर की छत के लिए मजबूती से लड़ेंगे बुजुर्ग

**भिलाई।** सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ की साप्ताहिक बैठक शनिवार को सिविक सेंटर स्थित पायनियर मोनूमेंट में हुई। बैठक में सभी ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान लोगों ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा संस्था में फूट डालने की तमाम कोशिश नाकाम रह रही है। प्रबंधन संगठन को कमजोर करने में लगा है, लेकिन संगठन और मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारी गर्मी और तेज धूप में कई बीमारियां होने के बावजूद सभी का उपस्थित होना यह दर्शाता है कि अपने सिर की छत के लिए यह बुजुर्ग अपनी लड़ाई बहुत मजबूती से लड़ने वाले हैं।




## सड़क और ड्रेनेज निर्माण के लिए बाधाएं हटाने की तैयारी

# कब्जों पर चलेगा बुलडोजर, 112 कब्जों का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के यातायात को सुगम और व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जेल तिराहा से पुलगांव रोड होते हुए मिनी माता चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को गति देने के लिए अतिक्रमण हटाने की मुहिम प्रारंभ कर दी गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत न केवल चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है, बल्कि सड़क के दोनों ओर सुदृढ़ ड्रेनेज सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना के लिए मार्ग में आने वाले सभी अवैध अतिक्रमणों को



हटाया जाना आवश्यक है। निगम द्वारा पूर्व में सर्वे कर चिन्हांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी, जिसके आधार पर अब अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अब तक 112 से अधिक अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाया जा चुका है, जिसमें उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा पुलगांव चौक के आसपास कार्रवाई करते हुए नालियों पर किए गए पक्के निर्माण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे और कार्यवाही को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए निगम द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है।

### प्रभारी की नियुक्ति के बाद हर दिन पहुंच रही टीम

तोड़दस्ता प्रभारी के नियुक्ति के बाद निगम की टीम हर दिन जांच और कार्रवाई के लिए पहुंच रही है। सहायक अभियंता गिरीश दीवान को टीम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, उपअभियन्ता विनोद मांझी, तोड़दस्ता प्रभारी ईश्वर वर्मा एवं परमेश्वर कुमार सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इधर कब्जेधारियों में ठेले, खोमचे वालों ने विस्थापन की मांग की है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02

नन्हे मोहरों की बिसात पर सजी बुद्धिमत्ता...

## लाइव इवेंट

### साइबर क्राइम से बचाव और शासकीय योजनाओं की दी जानकारी



**भिलाई।** लघु उद्योग भारती महिला इकाई, भिलाई द्वारा एमएसएमई प्रायोजित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन और उद्यमी महिला सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव और शासकीय योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कंप्यूटर प्रशिक्षण ले रही 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर स्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती की प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. दुबे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंघानिया, प्रदेश महिला प्रभारी गीता वर्मा, एमएसएमई के अतिरिक्त निदेशक योगेश कुमार, साइबर क्राइम दुर्ग संभाग के डॉ. संकल्प राय, बीडीएस कॉलेज की प्राचार्य जसप्रीत कौर सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. संकल्प राय ने महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। वहीं एमएसएमई के अतिरिक्त निदेशक योगेश कुमार ने महिला उद्यमियों के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. दुबे, ओम सिंघानिया और गीता वर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाणपत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इकाई अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने बताया कि कुल 30 महिलाओं ने कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिससे वे अपने व्यवसाय को और अधिक सशक्त बना सकेंगी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्वदेशी अड्डा रहा, जहां महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित शुद्ध एवं स्वदेशी उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की पहल की गई है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष शुभालक्ष्मी शेखरन, इकाई अध्यक्ष जया शाह, मीडिया प्रभारी माधुरी पाराशर, बेंजू गुप्ता, प्रतिमा पारधी, सुनैना थानथराटे, महिला चेंबर अध्यक्ष सुमन कनौजे, महामंत्री सविता शर्मा सहित सौ से अधिक महिलाएं उपस्थित रही।नअंत में महामंत्री सुनीता सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## लाइव इवेंट

### मलेरिया से बचाव मच्छरदानी के उपयोग और स्वच्छता जरूरी



**दुर्ग।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष के विशेष थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रेरित अब हम कर सकते है, अब हमें करना ही होगा के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यशाला आयोजित की और जन-जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से आम जन को मादा एनाफिलीस मच्छर से फैलने वाले मलेरिया रोग की उत्पत्ति, बचाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बच्चों और मलेरिया के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों जैसे प्रवासी और सीमावर्ती समुदायों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए। इसके तहत कूलर, गमले, टायर और जल भराव वाले क्षेत्रों में टेमिफास व मेलाथियान जैसी कीटनाशक दवाओं के छिड़काव से लार्वा विनिष्टीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जहां मादा एनाफिलीस से मलेरिया होता है, वहीं मादा क्यूलेक्स के काटने से हाथीपांव फाईलेरिया और मादा एडिस मच्छर से डेंगू जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं। इस अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए मितानीनों को नारा लेखन और ग्राम स्वास्थ्य समितियों को बैठकें आयोजित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि समुदाय को मच्छरदानी के उपयोग और स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा सके।



● रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से पूरी तरह से सूख जाते हैं पौधे

# पौधों को झुलसने से बचाने गार्डन में लगाए जा रहे ग्रीन नेट, बढ़ी डिमांड, 3 से 5 डिग्री तक कम हो रहा तापमान

**अप्रैल महीने की शुरुआत से गर्मी अपने चरम पर है। तेज धूप की तपन तो अब मनुष्य नहीं सह पा रहा है। ऐसी झुलसा देने वाले तेज धूप में छोटे पौधों को भी सीधे धूप सहना पड़ता है। सूरज की तेज किरणें पानी को सोख लेती हैं, जिससे पौधे मुरझा जाते हैं। यदि ऐसे समय में इनकी देखभाल नहीं की गई और इन्हें पानी नहीं मिला तो पौधे मर भी जाते हैं, लेकिन अब तेज धूप से इन पौधों को बचाने के लिए बाजार में ग्रीन नेट का विकल्प पिछले 2 सालों से तेजी से बढ़ रहा है, जिसे प्रकृति प्रेमी घर के टेरिस गार्डन में लगा रहे हैं, ताकि पौधे तेज धूप में बच सकें और छाया में रहें तथा अच्छे से फलते-फूलते रहें।**



**भिलाई।** ग्रीन नेट का उपयोग करना एक देसी जुगाड़ है, जो गर्मियों में घर और गार्डन दोनों को बचाने का एक किफायती और वैज्ञानिक तरीका है। वर्तमान में ग्रीन नेट की मांग भी बाजार में काफी बढ़ गई है। रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से पौधे पूरी तरह से सूख जाते है और फिर से इसमे हरियाली आना संभव नहीं हो पाता है। गर्मियों के भीषण प्रकोप में छतों को ठंडा रखने और टेरेस गार्डन के पौधों को झुलसने से बचाने के लिए ग्रीन नेट का प्रयोग एक बेहद कारगर और सस्ता उपाय है। यह जाली न केवल पौधों की रक्षा करती है, बल्कि घर के तापमान को कम रखने में भी मदद करती है।

### आंगन में बने गार्डन और छत को गर्मी से बचाने बढ़ा इस्तेमाल

गर्मी तेज होने से अब घरों के आंगन में बने गार्डन के साथ ही टेरिस गार्डन में ग्रीन नेट का इस्तेमाल बढ़ गया है। एक्सपर्ट के मुताबिक ग्रीन नेट लगने के बाद धूप पौधों में छनकर पहुंचती है और इससे उनमें आवश्यक छाया भी बनी रहती है। इसके साथ ही पौधों को गर्मी में भी पनपने के लिए सही वातावरण मिलता है और भीषण गर्मी में भी ये पौधे खूब फलने-फूलने लगते हैं।



### पांच डिग्री तक पड़ता है फर्क

दुकानदारों का कहना है कि ग्रीन नेट का एक बड़ा फायदा ये है कि इसे लगाने से जितने स्थान तक उसकी छाया पहुंचती है, वहां का तापमान कम से कम तीन से पांच डिग्री तक कम हो जाता है, जो इस भीषण गर्मी में राहत देता है। जिससे यह पौधों के लिए संजीवनी साबित होती है, क्योंकि यह पानी के रूप में पड़ी नमी को भी सोखने नहीं देता है और इस नमी को पानी के रूप में पौधे लेते हैं और तेज गति से विकसित होते हैं। जिन घरों में गार्डन या ज्यादा पौधे नहीं हैं, फिर भी वे ग्रीन नेट का सहारा लेते हैं। खासतौर से ऐसे घर, जहां पर दिनभर सीधे धूप पड़ती है, उनके घर के अंदर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसे स्थिति में ग्रीन नेट लगाने पर तापमान में कमी आ जाती है और रहवासियों को राहत मिलती है।

### छत और घर को ठंडा रखने में मददगार

**- तेज धूप से बचावः** ग्रीन नेट सीधी धूप को रोककर अप्रत्यक्ष रोशनी देती है, जिससे पौधे सनबर्न से बच जाते हैं और उनकी पत्तियां नहीं सूखतीं और पौधों के आसपास के माहौल को ठंडा रखता है, जो विशेष रूप से सब्जियों और फूलों वाले पौधों के लिए बहुत अच्छा है।

**- पानी की बचत-** नेट के नीचे वाष्पीकरण कम होता है, जिससे मिट्टी में नमी बनी रहती है और पौधों को कम पानी देना पड़ता है।

**- तापमान में कमी-** छत पर नेट लगाने से छत सीधे धूप के संपर्क में नहीं आती, जिससे छत ठंडी रहती है और घर के अंदर के कमरे भी कम गर्म होते हैं।

**बिजली के बिल में कटौती-** घर के ठंडा रहने से कूलर या एसी का इस्तेमाल कम होता है, जिससे बिजली की बचत होती है।

**- सही ग्रीन नेट का चुनाव करते समय ध्यान रखें** की ग्रीन नेट आमतौर पर 50%, 75% और 90% घनत्व में आती हैं। घर की छत और टेरेस गार्डन के लिए 50% या 75% वाली नेट सबसे उपयुक्त मानी जाती है, क्योंकि पौधों को थोड़ी रोशनी की भी जरूरत होती है। हमेशा गहरे हरे रंग की या हरे-काले मिश्रण वाली नेट का प्रयोग करें, जो अच्छी छाया देती है।

इसे लगाने का सही समय जब तापमान 30-32C से ऊपर जाने लगे, तो नेट लगा देनी चाहिए।

**फोल्डेबल नेट-** आजकल फोल्डेबल ग्रीन नेट भी आ रही है, जिसे शाम को खोलकर पौधों को ठंडी हवा दी जा सकती है और सुबह तेज धूप में कवर किया जा सकता है। नेट को पौधों से कम से कम 5-6 फीट की ऊंचाई पर लगाएं ताकि हवा का संचार बना रहे। नेट को ऐसी जगह लगाएं जहां से सीधी धूप न आए, पर पर्याप्त रोशनी मिले।

## जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव आज दुर्ग के पदाधिकारी करेंगे शिरकत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज द्वारा रविवार को भगवान श्री आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव का आयोजन शहीद स्मारक भवन जय स्तंभ चौक के पास रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें गोस्वामी समाज के दुर्ग जिला अध्यक्ष दीपक बन गोस्वामी समेत अन्य पदाधिकारी भी जयंती समारोह में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, अतिविशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि विधायक राजेश मूणत ,विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे, महामंडलेश्वर पीठाधीश्वर दूधाधारी मठ रायपुर महंत डॉक्टर रामसुंदर दास मौजूद होंगे। अध्यक्षता श्री श्री 1008 महंत विवेक गिरी थानापति महाराज गौरकापा आश्रम करेंगे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गोस्वामी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी ने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव पर सुबह 10 बजे से शोभा यात्रा कार्यक्रम परिसर से निकलकर शहर के कुछ प्रमुख मार्गों में जय घोष करते हुए वापस आने के बाद मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। समाज के महंतों,संस्थापक व संरक्षकों द्वारा आद्य जगतगुरु शंकराचार्य पर केंद्रित व्याख्यान पर संबोधित करेंगे। अतिथियों के आगमन पर उनका स्वागत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान होगा। गोस्वामी समाज के दुर्ग जिला अध्यक्ष दीपक बन गोस्वामी समेत अन्य पदाधिकारियो ने जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रेलवे ने किया दीपक का सम्मान



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल एवं ऑल इंडिया एस.सी.एस.टी. इलेक्ट्रिक लोको शेड (ईएलएस) चरोदा शाखा ने विगत दिनों बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती का आयोजन किया। इस दौरान ईएलएस चरोदा में पदस्थ रेलवे कर्मी दीपक कुमार को रक्तदान के माध्यम से मानवता की सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि दीपक कुमार न सिर्फ रक्तदान करते हैं बल्कि दूसरे लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहे हैं। उनके इस प्रयास से अनेक लोगों को जीवनदान मिला है।

विद्यार्थी हुए न्यायालयीन प्रक्रिया से परिचित

## मूट कोर्ट में विद्यार्थियों ने किया अपने तर्क, ज्ञान और प्रस्तुति कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन, विभिन्न पहलुओं पर गहराई से की बहस

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विधि छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और वकालत कौशल को विकसित करने के के लिए मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को न्यायालयीन प्रक्रियाओं का अनुभव प्राप्त किया साथ ही विद्यार्थियों ने अपने तर्क, ज्ञान और प्रस्तुति कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

भिलाई स्थित श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के विधि संकाय द्वारा विधि छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और वकालत कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में उत्साह के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में एलएलबी, बीए एलएलबी और बीकॉम एलएलबी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और न्यायालयीन कार्यवाही का सजीव मंचन प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विधि के विद्यार्थियों ने अपने तर्क, ज्ञान और प्रस्तुति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



### अनुबंध के विभिन्न पहलुओं पर की बहस

प्रतियोगिता का मुख्य विषय भारतीय अनुबंध अधिनियम कॉन्ट्रैक्ट लॉ रखा गया था, जिसमें छात्रों ने अनुबंध के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से बहस की। न्यायधीश मंडल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके तर्क-वितर्क, विधिक ज्ञान और कोर्ट मैनर्स के आधार पर किया। विभागाध्यक्ष आयुष झा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने काल्पनिक मामलों पर याचिकाकर्ता एवं प्रतिवादी पक्ष की ओर से प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने संवैधानिक प्रावधानों एवं विभिन्न न्यायिक निर्णयों का उल्लेख करते हुए अपनी विधिक समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### पक्षकारों की सहमति आवश्यक

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गंगाजली एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. जया मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को न्यायालयीन प्रक्रिया से परिचित कराते हैं और उनमें शोध, विश्लेषण तथा प्रभावी प्रस्तुति की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने अनुबंध कानून के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी भी वैध अनुबंध के लिए प्रस्ताव, स्वीकृति, प्रतिफल और पक्षकारों की सहमति आवश्यक होती है।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां उन्हें वास्तविक न्यायालयीन वातावरण का अनुभव प्रदान करती हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। यह मूट कोर्ट प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए सीखने और अपनी प्रतिभा निखारने का एक सशक्त मंच रहा।

### यह रहे विजेता

प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रांजल सोनी एवं प्रशांत सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि यामिनी शर्मा और विपुल मिश्रा द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए विपुल मिश्रा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधि के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। अंत में विभागाध्यक्ष आयुष झा ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन की बात कही।

सिटी इवेंट

# नशे के दुष्परिणाम युवाओं को कराया जा रहा अवगत



■ नशा मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए कल्याणी संस्था और साहू समाज की साझा पहल

भिलाई। नशे के कारण बिखरते परिवारों और बढ़ती आर्थिक तंगी को रोकने के लिए कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र और साहू समाज ने हाथ मिलाते हुए युवाओं को नशे के प्रति सचेत करने का बीड़ा उठाया है।

संस्था के निदेशक अजय कल्याणी सामाजिक आयोजनों में शामिल होकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करा रहे हैं। इस अभियान की सफलता में साहू समाज की अग्रणी भूमिका रही है। विशेषकर जिला साहू समाज के जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण साहू के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के भुवन साहू के प्रयासों से समाज के बड़े वर्ग को इस मुहिम से जोड़ा गया है। साहू समाज के विभिन्न मंचों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर अजय कल्याणी ने कहा साहू समाज और अन्य सभी संगठनों का निरंतर सहयोग ही इस अभियान की वास्तविक शक्ति है।

एजुकेशन लाइव

# बेस्ट स्पोर्ट्स मोटिवेटर अवार्ड से डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह हुए सम्मानित




**भिलाई।** डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित बेस्ट स्पोर्ट्स मोटिवेटर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। उन्हें 165 संबद्ध महाविद्यालयों के सर्वश्रेष्ठ क्रीड़ा अधिकारी के रूप में चयनित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ 15,000 रुपए की नगद राशि भी प्रदान की गई। उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय ने पिछले 5 वर्षों में खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर राष्ट्रीय स्तर के पदक हैं। इनके मार्गदर्शन में अनेक खेलों में स्वर्ण, रजक और कांस्य पदक प्राप्त हुए हैं।

महाविद्यालय ने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 107 प्रतिभागिताएं भी दर्ज की हैं। इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए 10 लाख रुपए से अधिक की आईक्यूएसी छात्रवृत्ति वितरित की गई है। इस उपलब्धि पर श्री गंगाजली एजुकेशन समिति के चेयरमेन आईपी मिश्रा ने कहा कि डॉ. सिंह की यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। श्री गंगाजली एजुकेशन समिति के अध्यक्ष जया मिश्रा ने कहा कि डॉ. वीरेन्द्र कुमार सिंह की यह उपलब्धि उनके निरंतर प्रयास और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. अर्चना झा ने कहा कि यह सम्मान डॉ. सिंह की कड़ी मेहनत और छात्रों की निरंतर उपलब्धियों का प्रमाण है। डीन अकादमिक डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि उन्होंने खेल मार्गदर्शन में एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

सिटी इवेंट

# लघु उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़कर कार्य करने किया आह्वान



**दुर्ग।** लघु उद्योग भारती, दुर्ग इकाई का स्थापना दिवस श्री प्लस पेंट परिसर रसमड़ा में मनाया गया। मुख्य अतिथि पर्यावरण अधिकारी और वैज्ञानिक अनीता सावंत ने लघु उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़कर सतत विकास की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में रसमड़ा, उरला, जोरा-तराई औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों और व्यवसायियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

मुख्य अतिथि अनीता सावंत ने लघु उद्योग भारती के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एमएसएमई सेक्टर ही प्रदेश की रीढ़ है और पर्यावरण-अनुकूल तकनीक अपनाकर उद्योग जगत नई ऊंचाइयां छू सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उद्यमियों ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा स्थानीय उद्योगों की समस्याओं को सामूहिक रूप से शासन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती दुर्ग इकाई के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि एलयूबी का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के प्रत्येक उद्यमी को नीति, तकनीक और बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करना है। कार्यक्रम का संचालन सचिव ओम प्रकाश रजक ने किया। वरिष्ठ सदस्य सीपी कुशवाहा ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। आभार प्रदर्शन प्रांतीय कोषाध्यक्ष अनिल बाकलीवाल ने किया। इस दौरान श्री प्रिंट के संचालक संजय मिश्रा, प्रकाश पैनल के ओम प्रकाश रजक, माइक्रोटेक इंजीनियरिंग के रमेश कुमार जांगड़ा, वरिष्ठ सदस्य सीपी कुशवाहा, मथारू क्रेन के विक्की माथारू, बेगानी फूड्स के प्रीतेश बेगानी, फ्लाई ऐश कंपनी के युवराज तिवारी, नट-बोल्ट कंपनी के एसके केशकर और एपीआर शुज के हर्ष चंदोरकर विशिष्ट रूप से शामिल हुए।

● दो दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-7 और अंडर-11 शतरंज चैंपियनशिप में जिलेभर से आए बाल प्रतिभागी

# नन्हे मोहरों की बिसात पर सजी बुद्धिमत्ता की जंग जिला स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप का आगाज

**भिलाई।** बौद्धिक कौशल, एकाग्रता और रणनीति के खेल शतरंज की बिसात पर शनिवार को नन्हे खिलाड़ियों की शानदार मौजूदगी के साथ जिला स्तरीय अंडर-7 एवं अंडर-11 शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा मनसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन भिलाई के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर से आए बाल प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देने के लिए तैयार नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अनुराग बख्शी डेंटल स्पेशलिस्ट द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के सचिव तुलसी सोनी एवं इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि कैलाश जैन बरमेचा और डॉ. अनुराग बख्शी ने प्रतीकात्मक चाल चलकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया, जिसके साथ ही प्रतियोगिता का रोमांचक दौर की शुरुआत हुई। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि कुल 55 खिलाड़ी इस स्पर्धा में भाग ले रहे हैं।








## एकाग्रता और तार्किक क्षमता बढ़ाने वाला खेल

अंडर-7 वर्ग में 20 और अंडर-11 वर्ग में 35 खिलाड़ी शामिल हैं। दोनों वर्गों से शीर्ष 2 बालक एवं 2 बालिकाओं का चयन आगामी राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।मुख्य अतिथि कैलाश जैन बरमेचा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम होते हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक अनुशासन और निर्णय क्षमता को भी मजबूत बनाता है। उन्होंने जिला शतरंज संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं डॉ. अनुराग बख्शी ने शतरंज को दिमाग की कसरत बताते हुए इसे एकाग्रता और तार्किक क्षमता बढ़ाने वाला सर्वोत्तम खेल बताया। आयोजन में सचिव तुलसी सोनी ने स्वागत भाषण और अंत में उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान अनिल शर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, दिव्यांशु उपाध्याय, टिकेश्वर साहू, छाया नोर्गे, संगीता, जिज्ञासा, मोनिका एवं अंजली टोप्पो सहित संघ के अनेक पदाधिकारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन चीफ आर्बिटर, फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा और सीनियर नेशनल आर्बिटर दिव्यांशु उपाध्याय निर्णायक मंडल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नन्हे खिलाड़ियों के उत्साह और जोश से सजी इस प्रतियोगिता आने वाले दो दिनों तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

परशुराम प्राकट्य महोत्सव

# ब्राह्मण समाज से संगठित होकर रामराज्य स्थापना का किया आह्वान



**भिलाई।** भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव पखवाड़े के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अमलेश्वर में श्रद्धा और उत्साह के साथ परशुराम प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा, रत्ना और गणेश प्रसाद शर्मा, अतुल शुक्ला, ज्ञानेश्वर प्रसाद, वैभव शास्त्री और सुनील शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के छायाचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। उपस्थित विप्रजनों ने आरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस दौरान भगवान परशुराम की जय, सनातन धर्म की जय और हर-हर महादेव जैसे जयघोषों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर देवेश मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की रक्षा की थी। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि ब्राह्मण वर्ग किसी भी राजनीतिक विचारधारा का अंधानुकरण करने के बजाय अपने ज्ञान, बुद्धि और शक्ति का उपयोग समाज में सुख-शांति और समृद्धि स्थापित करने में करे।

उन्होंने कहा कि यदि ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम के आदर्शों पर चले, तो फिर से सनातन धर्म की वैश्विक प्रतिष्ठा स्थापित की जा सकती है। उन्होंने समाज के लोगों से अपने ज्ञान और सोच का विस्तार करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम को राजेश शर्मा, रत्ना शर्मा, गणेश प्रसाद शर्मा, वैभव शास्त्री और सुनील शर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन मोहित शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पंडित गोपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में संजय शर्मा की स्मृति में अतिथियों को रामचरितमानस ग्रंथ भेंट किया गया। इस अवसर पर कवर्धा, दुर्ग, भिलाई, रायपुर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने मलेरिया के प्रति लोगों को किया जागरूक




**विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम**

**भिलाई।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई के छात्र-छात्रओं द्वारा जिला अस्पताल दुर्ग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मरीजों, परिजानों और आमजनों को मलेरिया रोग के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि मलेरिया एक संक्रामक रोग है जो संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, सिर दर्द, कमजोरी और उल्टी शामिल है। मलेरिया से बचाव के लिए आसपास स्वच्छता बनाए रखना, पानी जमा न होने देना, मच्छरदानी का उपयोग करना तथा समय-समय पर दवा की छिड़काव करना आवश्यक है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. अमनदीप कौर और उप प्राचार्या डॉ. अश्वदी पिल्लाई ने सभी को स्वच्छता अपनाने और मलेरिया उन्मूलन में सहयोग करने का संदेश दिया। इस दौरान समस्त स्टॉफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

गीता के कर्मयोग का शंखनाद-तनावमुक्त जीवन की ओर एक सशक्त पहल

# कर्म, साहस और सकारात्मक ऊर्जा से जीवन को मिली नई दिशा, राष्ट्रीय परिचर्चा में तनावमुक्त जीवन का संदेश

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** गुरुकुल क्रांति के तत्वावधान में गीता का कर्मयोग विषय पर एक राष्ट्रीय परिचर्चा और प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें जीवन को तनावमुक्त और सार्थक बनाने के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कर्म, साहस और सकारात्मक ऊर्जा को जीवन की दिशा निर्धारित करने वाला मूल आधार बताया तथा गीता के सिद्धांतों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपने प्रभावशाली प्रवचन में गीता के कर्मयोग को जीवन का दिव्य विज्ञान बताया। उन्होंने श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध संदेश कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता करना उसके वश में नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निष्काम भाव से किया गया कर्म ही व्यक्ति को तनाव, चिंता और अवसाद से मुक्त कर आत्मिक शांति प्रदान करता है, जबकि फल की अपेक्षा से किया गया कर्म मनुष्य को बंधनों में जकड़ देता है।



## आयोजन की बताई महत्ता

संयोजक शारदा ने सभी अतिथियों और सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं और जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में सविता अग्रवाल, सीमा आर्या, धीर, शालिनी जोशी, शंभू दास, शिवांशु शर्मा, स्मृति सचदेवा, स्नेह लता, सुशील सिंह, योगमुनि, डॉ. सुंदरा आर्या, ओम प्रकाश, प्रांशी वर्षने, प्रतिभा नंद, राजेन्द्र कपूर, राम मोहन रस्तोगी, रमा शर्मा योगगुरु, रानी कालरा, रीता वर्षने, रिया सावन, रुपेश साहू, चंदर देवी, धीरज बंसल, डॉ. संध्या शर्मा, कल्पना जी, कमलेश वही, किरण सिंह, कुसुम लता आर्या, मिथिलेश मंगला, नागार्जु सागर, नरेन्द्र सिंह राजपूत, निर्मला सिंह, अजय आर्या, आदित्य आहूजा, गुरुकुल क्रांति, सत्य सोमनाथ साहू, शारदा विद्यार्थी, आचार्य विवेक वरुण, अदिति पाटिल, अंजली रोहतगी, बजरंग सिंह शेखावत, चम्पा कपकोटी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## हर परिस्थिति में अपने धर्म और कर्तव्य का पालन करना जरूरी

अपने संबोधन में उन्होंने महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण केवल अर्जुन के सारथी नहीं थे, बल्कि वे जीवन के महान मार्गदर्शक थे। उन्होंने अर्जुन के मोह और भ्रम को दूर कर उसे उसके कर्तव्य पथ पर अग्रसर किया। यही गीता का वास्तविक संदेश है कि प्रत्येक व्यक्ति को हर परिस्थिति में अपने धर्म और कर्तव्य का पालन करना चाहिए। प्रवचन को और प्रभावी बनाते हुए आचार्य ने कहा कि गीता भी हमें अहंकार और आसक्ति से मुक्त होकर कर्म करने की प्रेरणा देती है। आज का मनुष्य परिणाम की चिंता में इतना उलझ गया है कि कर्म करना ही भूल गया है, मानो बिना बीज बोए फल की अपेक्षा कर रहा हो, जो अंततः तनाव का कारण बनता है। मनुष्य को अपने जीवन को सत्कर्मों से सजाना चाहिए और कर्म को ही अपनी पहचान बनाना चाहिए। उन्होंने सकारात्मक जीवन के लिए कई प्रेरक संदेश भी दिए, जिनमें कर्म के प्रति निष्ठा, फल की चिंता से मुक्ति और जीवन को सत्य, शिव और सुंदर बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अध्यक्ष आचार्य विवेक वरुण ने कहा कि भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक व्यवहारिक मार्गदर्शिका है, जो व्यक्ति को हर परिस्थिति में संतुलन, साहस और धैर्य प्रदान करती है। उन्होंने कर्मयोग को सफलता और आत्मबल की ओर ले जाने वाला सर्वोत्तम मार्ग बताया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉम क्रूज की 'टॉप गन' 40 साल बाद फिर रिलीज होगी भारत में



हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में 'टॉप गन' फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने आज यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल 'टॉप गनः मैवरिक' को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई 'टॉप गन' सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवड्र्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई। टॉम क्रूज 36 साल बाद 'टॉप गनः मैवरिक' के रूप में कॉकपिट में लौटे। सीक्वल में तीस से अधिक साल की सेवा के बाद मैवरिक टॉप गन में लौटते हैं और नए ग्रेजुएट्स की एक टुकड़ी को एक खास मिशन के लिए ट्रेनिंग देते हैं। 'टॉप गनः मैवरिक' ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 1.5 बिलियन डॉलर से अधिक की कमाई की और 2022 की नंबर 1 फिल्म और पैरामाउंट पिक्चर्स के इतिहास में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनी।

### टॉलीवुड

## नानी ने दिया विजय की आगामी फिल्म का मुहूर्त क्लैप, शौर्यव बोले- बस करिए इंतजार




'हाय नन्ना' फेम निर्देशक शौर्यव अपनी दूसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। आज महूर्त पूजा के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। मुहूर्त पूजा पर अभिनेता नानी ने पहली क्लैप दी। इसके बाद नानी और विजय ने एक-दूसरे को गले भी लगाया। शौर्यव ने पूजा मुहूर्त के बाद आज एक पोस्ट अपने एक्स पर साझा की। इसमें उन्होंने एक फोटो कोलैज शेयर किया है। इसमें नानी विजय के सामने पहला क्लैप देते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही शौर्यव निर्देशक की जिम्मेदारी संभालते दिख रहे हैं। इसके साथ ही निर्देशक ने कैप्शन में लिखा, 'कुछ पल हमेशा याद रहते हैं। इस फिल्म में नानी गारू का होना मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा। आज से शुरुआत हो गई है। अब बस इंतजार कीजिए और देखिए। विजय देवरकोंडा गारू दहाड़ लगाइए। शूटिंग शुरू करने का बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म खास है।'

इससे पहले विजय देवरकोंडा ने भी अपनी इस फिल्म की घोषणा करते हुए एक पोस्ट साझा किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था, मेरी अगली फिल्म है वीडीएक्स शौर्युव। इस चुनौतीपूर्ण फिल्म को बनाने के चुनौतीपूर्ण कार्य को हाथ में लेने वाली टीम से मिलिए। शौर्यव और उनकी बेमिसाल इमेजिनेशन के साथ इस धमाकेदार टीम के साथ काम करने को लेकर बेहद खुश हूं। दहाड़ो मेरे दोस्तों। मैं अपना बेस्ट देने का प्रयास करूंगा। बेहद उत्साहित हूं और ढेर सारा प्यार।' विजय द्वारा साझा किए गए पोस्टर में विजय को कुत्तों के झुंड के साथ चलते हुए दिखाया गया है, मानो वे उनकी रक्षा कर रहे हों। फिल्म की कहानी के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

### भोजपुरी

## 'पटना से पाकिस्तान 2' का फर्स्ट लुक देख बोली पब्लिक- भोजपुरी धुरंधर जैसा लग रहा



भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ, चर्चित प्रोड्यूसर प्रेम राय और निर्देशक अनंजय रघुराज अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पटना से पाकिस्तान 2' को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। फिल्म का 'फर्स्ट लुकट जारी कर दिया गया है, जिसने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पहले भाग की अपार सफलता के बाद अब इसका सीक्वल और भी बड़े कैनवास, दमदार कहानी और भव्य प्रस्तुति के साथ दर्शकों के सामने आने वाला है।

फिल्म का पहला पार्ट बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था, जिसके बाद से ही दर्शक इसके दूसरे भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निर्माताओं का दावा है कि 'पटना से पाकिस्तान 2' पहले से ज्यादा एक्शन, इमोशन और मनोरंजन से भरपूर होगी। बताया गया है कि 'हर फ्रेम में मेहनत और हर सीन में इमोशन' की थीम के साथ फिल्म को बड़े स्तर पर तैयार किया जा रहा है।

इस बार फिल्म में भोजपुरी सुपरस्टार निरहुआ लीड रोल में नजर आएंगे। उनके साथ सेजल साहू, सपना चौहान, मीर सरवर, सुशील सिंह, मनोज टाइगर, संजय पांडेय, अमित शुक्ला, साहिल सिद्दीकी, विकास मेहता, भूपेंद्र सिंह, शंभू राणा और धामा वर्मा जैसे कई अनुभवी और प्रतिभाशाली कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इतनी बड़ी स्टारकास्ट फिल्म को और भी खास बनाती है।

फिल्म को लेकर निरहुआ ने कहा कि 'पटना से पाकिस्तान 2' उनके लिए बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इसका पहला भाग दर्शकों के अपार प्रेम से ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था।

### लाइफ स्टाइल

**शाही अंदाज**

शाही पहनावे की बात ही कुछ और है। कैम्ब्रिज की डचेस, कैथरीन, को उनके शानदार और सलीकेदार पहनावे के लिए दुनिया भर में सराहा गया है, लेकिन शाही परिवार में और भी ऐसी हस्तियाँ हैं जो उतनी मशहूर भले ही न हों, पर उतनी ही स्टाइलिश ज़रूर हैं। स्वीडन से लेकर कतर और थाईलैंड तक, दुनिया में ऐसी फैशनेबल महिलाओं की कोई कमी नहीं है, जिन्हें यह बखूबी पता है कि टियारा (मुकुट) कैसे पहना जाता है। इन सभी का शाही अंदाज दुनिया भी पसंद करती है।



## नेल पेंट के हिसाब से चुनें रिंग डिजाइन हाथों की खूबसूरती में लग जाएंगे चार चांद

अगर आप भी नेल पॉलिश के कलर के हिसाब से फिंगर रिंग पहनना चाहती है। लेकिन आप कंफ्यूज है, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको नेल पॉलिश के कलर के हिसाब से रिंग डिजाइन के बारे में बताएंगे। अधिकतर महिलाएं ऐसी है, जिन्हें रिंग पहनने का बहुत शौक होता है, लेकिन कई बार वे आउटफिट और नेल पेंट के हिसाब से उंगलियों में पहनने के लिए रिंग डिसाइड नहीं कर पाती है। ऐसे में अगर आप भी कंफ्यूज रहती है, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह से आप अपने नेल पेंट के शेड के हिसाब से फिंगर रिंग का चयन कर सकती हैं। आईए जानते हैं नेल पेंट के कलर के हिसाब से फिंगर रिंग का चैन कैसे करें।



### खूबसूरत कॉकटेल डायमंड रिंग

अगर आपको भी फिंगर रिंग पहनने का बहुत शौक है और आप नेल पेंट भी लगाना चाहती हैं, तो ऐसे में आप अपने नेल पेंट के कलर के हिसाब से फिंगर रिंग का चयन कर सकती हैं। इसके लिए अगर आप अपने नाखूनों पर हल्के रंग की नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती है, तो ऐसे में आप इस तरह की खूबसूरत कॉकटेल डायमंड रिंग चुन सकती हैं। यह आपको स्टाइलिश लुक देने के साथ-साथ आपकी उंगलियों को खूबसूरत बना देगी।


### क्लस्टर डायमंड बैंड रिंग

अगर आप अपनी उंगलियों में डार्क शेड का इस्तेमाल करती है तो आपके लिए यह क्लस्टर डायमंड बैंड रिंग भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है आप इस तरह की सिंपल रिंग का चयन कर सकती है यही नहीं आप गोल्ड प्लेटेड रिंग्स को भी डार्क कलर के नेल पेंट शर्ट के साथ शामिल कर सकती हैं ऐसी रिंग आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। अगर आप अपनी उंगली की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए नाखूनों पर पेस्टल कलर की नेल पॉलिश लगती है तो ऐसे में आप इस तरह की क्लासिक राउंड डेली वियर रिंग शामिल कर सकती हैं यह रिंग आपकी उंगलियों की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट टच देने में भी मदद करेगी। इस तरह की रिंग डिजाइन को आप। ऑनलाइन देख सकती हैं।

## ऑफिस में न्यू लुक के लिए स्टाइल करें पेप्लम टॉप, नजरें टिक जाएंगी आप पर



ऑफिस में महिलाएं जींस वियर करना पसंद करती हैं और इसमें वो स्टाइलिश नजर आने के लिए टॉप स्टाइल करती हैं। लेकिन, अगर आप टॉप में कुछ न्यू डिजाइन में चाहती हैं तो, आप इस तरह का पेप्लम टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह पेप्लम टॉप न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसे आप ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले पेप्लम टॉप दिखा रहे हैं जो आप आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेंगे।



### प्रिंटेड पेप्लम टॉप

ऑफिस में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का प्रिंटेड टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप स्ट्रेप्स में है साथ ही, इसमें प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का टॉप आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी आपको ये टॉप 300 रुपये की कीमत में मिल सकता है। इस टॉप को आप जींस या व्हाइट पेंट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंटेड पेप्लम टॉप

न्यू और स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह के टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप फ्लोरल प्रिंट में है साथ ही, ये पफ स्लीव्स में है। इस तरह का टॉप को आप कई सारे कलर ऑप्शन के साथ खरीदकर ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप आप 200 रुपये की कीमत में ले सकती है और इस टॉप को आप जींस के वियर कर सकती हैं।

फ्लोरल पैटर्न में आप इस तरह के हाफ स्लीव्स वाले पेप्लम टॉप को भी स्टाइल कर सकती हैं और यह टॉप आप कई सारे कलर और डिजाइन में खरीदकर ब्लैक जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

एम्ब्रॉयडरी वर्क पेप्लम टॉप

अगर आप न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो, आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क पेप्लम टॉप का चुनाव कर सकती हैं।

## गर्मी में चेहरे पर होने वाले रैशेज की समस्या हो सकती है कम

अगर आप गर्मियों में होने वाले रैशेज की समस्या की परेशान हैं तो, आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। ये टिप्स इन समस्यों को कम करने में मददगार है साथ ही, इन्हें फॉलो करने से स्किन का ग्लो भी बना रहेगा।



### फेस वॉश से करें चेहरे को साफ

रैशेज की समस्या कम हो इसके लिए चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें ताकि, चेहरे से पसीना, धूल और ऑयल अच्छी तरह से साफ हो जाए। वहीं चेहरे को साफ करने के लिए आप बेस्ट फेस वॉश का चुनाव करें। वहीं चेहरे को साफ करने के लिए आप जो भी फेस वॉश का चुनाव कर सकती हैं।

### इस तरह के मॉइश्चराइजर का करें इस्तेमाल

रैशेज की समस्या ज्यादा न हो इसके लिए आप हल्के मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। हल्के मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने से पोर्स बंद नहीं होंगे साथ ही, स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होगी। इसी के साथ हलके मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करने के स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होगी।

### चेहरे पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल

रैशेज की समस्या ज्यादा न बढ़ें इसके लिए आप SPF-30 वाला सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। सनस्क्रीन के इस्तेमाल करने से रैशेज की समस्या नहीं बढेगी साथ ही, चेहरे का ग्लो भी रहेगा। सनस्क्रीन को आप हर 4 घंटे के बाद अप्लाई करें। और इससे पहले मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

## चेहरे पर भिंडी के पानी का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट से जान लें इसके दोनों पहलू

गर्मियों के मौसम में अधिकतर महिलाएं तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से अपने चेहरे पर कई तरह की समस्याओं का सामना करती है। इन समस्या से बचने के लिए कुछ महिलाएं समय निकालकर अपने घर पर घरेलू उपाय करती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए घर पर रहकर भिंडी के पानी का इस्तेमाल करती है, तो यह खबर आपके लिए है।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि महिलाएं गर्मी के मौसम में अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए बाजार के महंगे प्रोडक्ट से लेकर घरेलू उपाय तक हर एक चीज आजमाती है। ऐसे में अगर आप भी गर्मी के मौसम में घर पर रहकर भिंडी के पानी को अपने चेहरे पर इस्तेमाल करती है, तो बता दे की भिंडी का पानी कुछ महिलाओं की स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं इन नुकसान के बारे में।

### चेहरे के लिए करें भिंडी का इस्तेमाल

एक्सपर्ट ने आगे कहा कि अधिकतर महिलाओं की स्किन का



प्रकार अलग-अलग होता है। कुछ महिलाओं की स्किन ड्राई होती है, तो वहीं कुछ महिलाओं की स्किन ऑयली होती है। ऐसे में भिंडी के पानी का इस्तेमाल करने से उन्हें त्वचा में जलन, फुंसियां और इरिटेशन जैसी समस्याएं देखने को मिल सकती है।

### हो सकता है स्किन इन्फेक्शन

यही नहीं भिंडी के पानी में मौजूद चिपचिपाहट की वजह से कुछ महिलाओं को इरिटेशन का सामना भी करना पड़ सकता है।भिंडी के पानी को अगर आप सीधे अपने चेहरे पर इस्तेमाल करती हैं, तो इससे स्किन इन्फेक्शन होने का भी खतरा बढ़ सकता है। यही नहीं कुछ महिलाओं को इससे खुजली, जलन, सूजन जैसी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**कार्नर न्यूज**

**गर्मी में कुछ बेस्ट डील हो जाए तो क्या बात है**


## गर्मी के लिए परफेक्ट होते हैं सस्ते और स्टाइलिश ड्रेस, घर या कहीं भी पहन कर आसानी से जाइए

महंगाई के दौर में सस्ता और अच्छा मिलना सौभाग्य की बात है। इस समय हर चीज की कीमत तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में गर्मी में कुछ बेस्ट डील हो जाए तो क्या बात है। यहां पर कुछ सस्ते और अच्छे कपड़े की जानकारी देने आए हैं। ये सभी ड्रेस ब्रांडेड हैं जिनकी क्वालिटी को लेकर सोचना ही नहीं है।

क्योंकि, सोशल मीडिया जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम पर कपड़ें सस्ते दाम पर बिकते हैं। मगर ऑर्डर करने के बाद आते कुछ और हैं। साथ ही कई बार पैसे देने के बाद ऑर्डर पहुंचता नहीं है। मगर आपको इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां जो दिख रहा है वहीं, आप तक पहुंचेगा।

वैसे समर सीजन में किस तरह के ड्रेस खरीदने की सोच रहे हैं-

अगर गर्मी में आरामदेह और स्टाइल के बारे में सोच रहे हैं तो फिर इन्हें खरीदें। इनको आप घर पर पहनकर रह सकते हैं। इसके अलावा यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो भी ये परफेक्ट लुक देंगे। वैसे भी लॉकडाउन में कहां निकलना है तो फिर ऐसे ही हल्के और सस्ते ड्रेस क्यों न लें।



अगर आप इस तरह के ब्रांडेड ड्रेस कम कीमत पर खरीदना चाहते हैं तो यहां देखें-

**टी-शर्ट** : गर्मी में टी-शर्ट पहनना किसे पसंद नहीं है। ये बेहद आरामदेह जो होती है। इसलिए हम आपके लिए यहां पर नई टी-शर्ट की जानकारी दे रहे हैं। इसको आप अपने समर वार्डरोब में शामिल करें। क्योंकि पुरानी टी-शर्ट को कब तक पहनेंगे। अगर सस्ते दाम पर नई टी-शर्ट मिल रही है तो बदल लेने में ही भलाई है। आप यहां पर प्रिंटेड टी-शर्ट को काफी कम दाम पर खरीद सकते हैं। यहां पर कीमत देखिए, इस कीमत में क्या मिलता है, मगर आपको टी-शर्ट मिल रही है। इसलिए बेहिचक ले लें।

अगर आपको ये स्टाइल पसंद नहीं आ रही है तो नाराज न हो। क्योंकि यहां पर एक के अलावा भी विकल्प मौजूद हैं। इसकी कीमत भी काफी कम है। यकीनन आपको इस दाम में ब्रांडेड टी-शर्ट कहां मिलने वाली हैः-इन सबके अलावा कलरब्लॉक्ड टी-शर्ट भी गर्मी में खूब पहने जाते हैं। सच पूछो तो ये देखने में काफी अट्रैक्टिव होते हैं। आपको कम से कम एक टी-शर्ट अपने वार्डरोब में इस स्टाइल का रखना चाहिए।

**स्लीवलेस टी-शर्टः** प्रिंटेड स्लीवलेस टी-शर्ट गर्मी में सबसे अधिक पहनी जाती हैं। लड़कों को ये बेहद पसंद आती है। क्योंकि इससे ज्यादा आरादेह और स्टाइलिश कुछ नहीं। अगर आप अपने आर्मपिट के पसीने से परेशान हैं तो ऐसे में इस तरह के स्लीवलेस टी-शर्ट पहनें।

**हूडेड टी-शर्ट** : हूडेड स्टाइल के कपड़े अधिकतर लोग सर्दी के मौसम में पहनना पसंद करते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि आप इसे गर्मी में नहीं पहन सकते।

